इनफिनिटी ग्रुप ने निर्माण की दुनिया में अपनी अलग पहचान कायम कर ली है. कंपनी मॉडर्न और अरबन इंडिया की जरूरत के अनुसार उच्च क्वालिटी के प्रोजेक्ट लांच करने के प्रति समर्पित है. इसके प्रोजेक्ट आधुनिकता और सौम्यता का बेमिसाल उदाहरण प्रस्तुत करता है. यह ग्रुप क्लाइंट, इनवेस्टर्स और एसोसिएट की उम्मीदों को ध्यान में रख कर प्रोजेक्ट पर कार्य करता है. आधुनिक और लग्जीरियस प्रोजेक्ट की बात अब बीते दिनों की हो गयी है. अब लोगों को अलौकिक सुविधाओं के साथ अल्ट्रा-लग्जीरियस और सेवेन स्टार की सुविधाएं चाहिए, वह भी एक ही छत के नीचे. इन सब सुविधाओं के साथ कंस्ट्रक्शन क्वालिटी वर्ल्ड क्लास की होनी चाहिए. ये सब सुविधाओं के साथ रियल एस्टेट कंपनी इनफिनिटी ग्रुप आपके सपनों को साकार करने के लिए नये प्रोजेक्ट्स लांच करने जा रही है, बता रहे हैं इनफिनिटी ग्रुप के निदेशक **रवींद्र समधिया**. उनसे प्रभात खबर के लिए **दिव्यरश्मि झा** ने विशेष बातचीत की. प्रस्तुत है बातचीत के प्रमुख अंश...

आइटी, एजुकेशन व बिजनेस समग्र विकास में जुटा इनफिनिटी ग्रुप



एक जमाने से घर की चाहत हर किसी की होती है, हर कोई चाहता है कि वह अपने घर में अपनी मर्जी से रहे, और उसे खुद की इच्छानुसार सजा व संवार सके. आज डेवलपर्स कई तरह के नये प्रोजेक्ट्स तैयार कर रहे हैं, जिसके लिए सरकार लोन भी मुहैया करवा रही है. इसके अलावा बिजनेस सेंटर आज की जरूरत है. देश के प्रसिद्ध शहर पर अंतर्राष्ट्रीय प्रोजेक्ट की संख्या में बढ़ोतरी हो सकती है. ऐसे में भारतीय शहरों रियल एस्टेट डेवलपमेंट की दिशा में डेवलपर्स के लिए संभावनाओं की कोई कमी नहीं है. जहां भारत में हो रहा शहरीकरण दुनिया भर के निवेशकों को सुनहरा मौका का सुनहरा अवसर प्रतीत हो रहा है, वहीं इसकी वजह से बढ़ रही जरूरतों को पूरा करना भी एक बड़ी चुनौती साबित हो रही है. कोलकाता में बाजार चौकस है और इस मामले में बिजनेस सेंटर में भी कम स्कोप नहीं दिख रहा है, क्योंकि जिस प्रकार से बिजनेस सेक्टर के कुछ आधार जैसे आइटी सेक्टर ग्रोथ कर रहा है और बाहरी लोग शामिल किये जा रहे हैं, इससे आने वाले समय में बिजनेस सेंटर काफी फायदेमंद भी हो सकता है. महाराष्ट्र, महानगरों में यह सेंटर जोड़ पकड़ चुका है, अब तो महानगरों से सटे इलाकों में भी यह कॉन्सेप्ट जोर पकड़ने लगा है. इसके बाद सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि जैसे-जैसे रोजगार के नये अवसर और नये ठिकाने बनते रहेंगे, उसी तरह से यह कॉन्सेप्ट भी उन्नति करता रहेगा. ऐसा ही कुछ प्रोजेक्ट्स कंपनी ने तैयार किये हैं जिनमें इनफिनिटी थिंक टैंक, इनफिनिटी बेंचमार्क, सोहेला वाटरसाइड, इनफिनिटी हाइट्स और इनफिनिटी ग्लोब.

एक नजर

रवींद्र समधिया

• निदेशक, इनफिनिटी ग्रुप

बिजनेस सेंटर की जरूरत

कुछ सालों में इस इंडस्ट्री की ग्रोथ रेट करीब 30 प्रतिशत के दर से हो रही है. रियल एस्टेट सेक्टर में कॉमर्शियल स्पेस जैसे ऑफिस, शॉपिंग मॉल्स, होटल्स और हॉस्पिटल के निर्माण का डेवलपमेंट हो रहा है. इस क्षेत्र में जो अभूतपूर्व रूप से ग्रोथ देखी जा रही है, इसमें भारतीय इकोनॉमी के विकास का महत्वपूर्ण योगदान है. कमर्शियल सेक्टर के लिए बिजनेस सेंटर का कॉन्सेप्ट एक प्रकार से रियल सेगमेंट का हिस्सा है. इसमें आर्किटेक्चर व कंस्ट्रक्शन से लेकर डिजाइनिंग और सुविधाएं सभी खास है. इसके आधुनिक स्वरूप, उपकरण और प्रोफेशनल माहौल टॉप बिजनेस समाज की मांग को पूरा करता है. यह निवेश के लिए बेहतर माध्यम के रूप में बन जाता है और इसमें कॉमर्शियल स्पेस की तुलना में बेहतर रिटर्न मिलने की संभावना है.

रिटेल-कम-शॉपिंग कॉम्प्लेक्स

रांची में औद्योगिक परिवेश और उद्योगों में निवेश के लिए जाना जाता रहा है. इंफ्रास्ट्रक्चर तथा मजबूत डेस्टिनेशन के दृष्टिकोण से अब रांची को भी पसंद किया जा सकेगा, जिसको ध्यान में रखते हुए इनफिनिटी ग्रुप रांची में सबसे बड़ा कॉमर्शियल कॉम्प्लेक्स ला रही है. नये साल में रियल एस्टेट में सुधार का साल.--नये साल में रियल एस्टेट में सुधार की उम्मीद जतायी जा रही है. कीमतों की अनुमान स्थिर होने की उम्मीद है, वहीं अब लोगों के लिए रेगुलेटरी बनने वाली है. लोगों की अपेक्षित आर्थिक बदलाव तेजी से मौजूद आगे बढ़ रही है. ऐसे में, सभी के लिए आने वाला समय महत्वपूर्ण होगा.

इनफिनिटी ग्रुप विश्वास और समर्पण का नाम

आज रचनात्मक उर्जा और मजबूत मूल्यों के साथ एक प्रतिबद्ध समूह के रूप में उभरा है. विश्वास और समर्पण के भाव से आज इनफिनिटी ग्रुप देश में बढ़ रही रेसिडेंशियल और कॉमर्शियल स्पेस की मांग को पूरा करने में अपनी महती भूमिका निभाने को अपना मुख्य ध्येय मानता है. वर्तमान समय में इनफिनिटी ग्रुप अपने लंबे अनुभव और विशेषज्ञता से अल्ट्रा लग्जीरियस, लग्जीरियस, अफोर्डेबल और इकोनॉमिकल इन्फ्रास्ट्रक्चर सेगमेंट को परिभाषित करने वाले निर्माण कार्य कर रहा है. कंपनी के कार्यक्षेत्र में रेसिडेंशियल, कॉमर्शियल, रिटेल, आइटी पार्क जैसे क्षेत्र शामिल हैं. कंपनी अपनी सभी परियोजनाओं को बेहतर प्रदर्शन कर रही है. कंपनी के कई मौलिक और आम लोगों के जरूरत को ध्यान में रखकर कई प्रोजेक्ट चल रहे हैं. कंपनी का उद्देश्य क्वालिटी आधारित निर्माण करना और समय पर डिलीवरी करना है. कंपनी का लगातार दिन-प्रतिदिन बढ़ने का यह भी एक बहुत बड़ा कारण है.

महत्वपूर्ण इलाकों में बिकाऊ संपत्ति के भाव

इलाका	रुपये / वर्ग फीट	भाव बढ़ा (↑) या घटा (↓) प्रतिशत में
सिटी सेंटर 2	4000-5300	↑ 1.15%
कांकुड़गाछी	6800-7700	↑ 1.35%
सॉल्टलेक	4350-5750	↑ 1.05%
[illegible]	3800-4200	↓ 1.23%
पैलान	2000-2600	↓ 11.54%

स्रोत : [illegible]

क्वालिटी एजुकेशन है जरूरी

देश व राज्य की आर्थिक व्यवस्था के संबंध में भी बदलाव आ सकता है कि यहां क्वालिटी एजुकेशन का होना बहुत जरूरी है, ताकि यहां के लोगों की सोच बदले, लोग प्रकृति की रक्षा करते हुए ग्रीन डेवलपमेंट के साथ विकास कार्यों को करें. उनका मानना है कि देश के प्रत्येक नागरिक का दायित्व है कि वह देश को बढ़ाने व इसके विकास के लिए कार्य करें. इससे हम आसानी से अपने लक्ष्य को प्राप्त कर सकते हैं. कंपनी ने भूटान में 1000 एकड़ जमीन पर नॉलेज सिटी बनाने जा रही है. इसके साथ ही यह ग्रुप इंटरनेशनल स्कूल को भी भारत में लाने के प्रयास में जुटा हुआ है. यहां इंटरनेशनल स्कूल को खोलने को लेकर चर्चा की जा रही है.



समाज सेवा के साथ भी जुड़ा

जागृति धाम, यह वरिष्ठ नागरिकों के रहने के लिए एक वृद्धाश्रम है, जहां वरिष्ठ नागरिकों के आरामदायक जीवन के साथ सुरक्षित प्रकार से रखा जाता है और उन्हें जीने का एक नया जोश जगाया जाता है. कृष्णभूमि, वृंदावन प्रोजेक्ट पर कार्य चल रहा है. यहां मंदिर का निर्माण हो कृष्ण भूमि के रूप किया जाएगा. यहां मंदिर के साथ ही आवास को लेकर कृष्णभूमि प्रोजेक्ट पूरा किया जाएगा. इंस्टीट्यूट ऑफ न्यूरोसाइंस, कोलकाता, जिसे सीएनबीसी ने "सर्वश्रेष्ठ स्पेशियलिटी हॉस्पिटल" की संज्ञा दी है. इस इंस्टीट्यूट में भी रिसर्च स्टडीज के लिए इनफिनिटी ग्रुप मदद करती है और रवींद्र समधिया इसके एडवाइजरी बोर्ड के मेंबर हैं.